(ख) यदि हां, तो कितने गांवों में उक्त योजना को क्रियान्वित किया जा चुका है; और

(ग) ये सुविधायें देश भर में कब तक दी जायेंगी ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) दो हजार से अधिक आबादी वाले अधिकांश गांवों में डाकघर खोल दिये गये हैं। 5000 से अधिक आबादी वाले सभी गांवों में टेलीफोन की सुविधा देने का प्रस्ताव है।

(ख) और (ग). (i) दो हजार से अधिक की आबादी वाले 40,702 गावों में डाकघर काम कर रहे हैं।

(ii) पाच हजार से अधिक की आबादी वाले 7000 गावों में टेलीफोन की सुविधायें दे दी गई है।

(iii) ऐसा प्रस्ताव है कि अगले दो वर्षों में 5000 से अधिक की आबादी वाले अधिकांश गावों में टेलीफोन की सुविधायें दे दी जायें। शेष स्थानों पर छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान आगामी वर्षों में ये सुविधायें उपलब्ध करा दी जायगी।

पड़ोसी देशों के साथ भारत में शरण लिये गये उनके नागरिकों के बारे में बात चीत

2294. **श्री केशवराव घोंडगे** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बांगलादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान तथा बर्मा के साथ भारत में शरण लिये गये उनके नागरिकों को वापस भेजने के बारे में बातचीत चल रही है; और

(ख) यदि हां, तो उन सरकारों की प्रतिक्रिया क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कुन्डू) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नही उठता।

दिल्ली प्रशासन के कर्मचारियों को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की चिकित्सा सुविधायें देना

2295. **श्री युवराज** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली प्रशासन के कर्मचारियों को जहा अन्य सब सुविधाएं उपलब्ध है वहा केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध नही हैं ;

(ख) यदि हा, तो यह सुविधा उन्हें कब तक दे दी जायेगी ; और

(ग) यदि नही, तो इस के क्या कारण है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त दिल्ली प्रशासन के अन्य कर्मचारियों पर लागू नही होती है।

(ख) और (ग). ये प्रश्न नही उठते।

Reopening of Aluminium Corporation of India Ltd. Asansol

2296. SHRI ROBIN SEN: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether Government is consulting with the Government of West Bengal in the matter of reopening of Aluminium Corporation of India Ltd., Asansol which is under lockout since 1974; and

(b) if so the present position of restarting of the above company?